दिनांक–28.09.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आरा, बक्सर, सासाराम एवं भभुआ प्रमंडल अंतर्गत छूटे हुए टोलों में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

Progress of Ongoing Water Supply Schemes (PHED-LOT)

निदेशः–समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, आरा, बक्सर, सासाराम एवं भभुआ को निदेश दिया गया कि निर्माणाधीन एवं पूर्ण छुटे हुए टोलों का जियो टैग फोटोग्राफी और संबंधित दस्तावेज के साथ–साथ Earthing, Control pannel, Stanging एवं Approved Design का फोटोग्राफ्स भी MIS पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। साथ ही चैम्बर के आसपास की साफ–सफाई सुनिश्चित करेंगे।

MIS पर अपलोड की गयी फोटोग्राफ्स में पाई गयी त्रुटियों के निराकरण उपरांत पुनः MIS पोर्टल पर अपलोड करने का निदेश दिया गया। साथ ही निदेशित किया गया कि जलापूर्ति परिसर की साफ–सफाई कराते हुए अच्छी गुणवत्ता का फोटोग्राफ्स MIS पर अपलोड किये जायें।

बक्सरः–92 निर्माणाधीन एवं पूर्ण छुटे हुए टोलों का MIS पोर्टल पर अपलोड फोटोग्राफ्स की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि बोरिंग के आसपास की गंदगी, उसके ऊपर कैप एवं स्लैब न लगे रहने के कारण संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता को प्रशाखा–05/11 से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया। साथ ही चार दिनों में सभी योजनाओं का फोटोग्राफ्स MIS पोर्टल पर अपलोड करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना (प्रभारी पदा0, प्रशाखा–05/11)/संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता

Site / Land Availability Status (PHED/PRD-LOT)

निदेशः–समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, आरा, बक्सर, सासाराम एवं भभुआ को निदेश दिया गया कि लंबित भूमि मामले में एक सूची तैयार कर मुख्यालय को उपलब्ध कराएँगे। साथ ही भूमि उपलब्धता की स्थिति MIS Portal पर अपडेट करेंगे।

अनुपालन–संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता/प्रशाखा पदा0, प्रशाखा–15

Electricity Bill dues and payment Status (PHED)

निदेशः–कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि संबंधित एजेंसियों/संवेदकों के भुगतान की नियमित समीक्षा की जाए। प्रत्येक एजेंसी/संवेदकों से साप्ताहिक भुगतान लक्ष्य प्राप्त किया जाए। लक्ष्य राशि कम होने पर भी प्रत्येक एजेंसी/संवेदकों को स्पष्ट साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित किया जाए तथा आगामी समीक्षा बैठक में भुगतान की प्रगति का आकलन निर्धारित लक्ष्य के आधार पर किया जाए।

अनुपालन–संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता

Electricity consumer Mapped Summary (CIVIL-PHED)

निदेशः–प्रमंडलों में लंबित इलेक्ट्रिक कंज्यूमर मैपिंग को MIS पोर्टल पर यथाशीघ्र अपलोड करने का निदेश दिया गया तथा त्रुटिपूर्ण इलेक्ट्रिक कंज्यूमर मैपिंग को सुधार कराते हुए MIS पोर्टल पर अपलोड करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही गलत/डुप्लिकेट कंज्यूमर नंबर से की गई मैपिंग को अविलंब MIS पोर्टल से डिलिट करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–संबंधित अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता

Inspection of Commissioned Schemes & ATR Upload

निदेशः–कार्यपालक अभियंता, आरा, बक्सर, सासाराम एवं भभुआ को सभी योजनाओं का स्थल निरीक्षण पूर्ण करने का निदेश दिया गया। साथ ही जाँच प्रतिवेदन के साथ जियो टैग फोटोग्राफ्स एवं संबंधित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता से प्राप्त ATR का फोटोग्राफ्स MIS पोर्टल पर तीन दिनों के अंदर अपलोड करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन– संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता

CGRC-Grievance Pending & Disposal Status

निदेशः–CGRC पर प्राप्त सभी लंबित शिकायतों का निराकरण 7 दिनों के भीतर करना सुनिश्चित करें। भविष्य में कोई भी शिकायत 7 दिनों से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए। पाइपलाइन लीकेज, लो–वोल्टेज और जलापूर्ति बाधित होने की शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाए। जिलावार CGRC रिपोर्ट की नियमित समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से अवगत करायें। CGRC की शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित निराकरण टीम द्वारा प्राथमिकता के आधार पर उसका निराकरण किया जाए तथा प्राप्त शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो।

अनुपालन–संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता

Status of Payment Against Allotment

निदेशः–कार्यपालक अभियंता, आरा, बक्सर, सासाराम एवं भभुआ को निदेश दिया गया कि एजेंसियों/संवेदकों को भुगतान के उपरांत शेष बचे लंबित अधियाचना की एक सूची तैयार कर मुख्यालय को दो दिनों के अंदर उपलब्ध करायेंगें। साथ ही विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के Whatsaap पर भी भेजना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालन–संबंधित कार्यपालक अभियंता

अन्यान्य–

- सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं एजेंसियों को निदेशित किया गया कि योजनाओं के निर्माण कार्य में गुणवता, सुरक्षा एवं निर्धारित तकनीकी मानकों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। सभी खुले अथवा अधूरे चैंबरों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर सुरक्षित रूप से ढका जाए। लंबित बोरिंग, पाइपलाइन, हाउस कनेक्शन, स्टेजिंग एवं अन्य कार्यों में तेजी लाते हुए प्रगति का MIS पोर्टल पर नियमित रूप से अद्यतन किया जाए तथा आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व अपेक्षित सुधार करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इसके विपरीत पाए जाने पर संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता का वेतन बंद करने का निदेश दिया गया।

  अनुपालन–संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता

- कार्यपालक अभियंता, आरा, बक्सर, सासाराम एवं भभुआ द्वारा भेजे गए अधियाचना की सूची (अधियाचना के पत्रांक/दिनांक, अधियाचित राशि, स्वीकृत्यादेश संख्या, अधियाचना कितने दिनों से लंबित है एवं उसका कारण) तैयार कर अविलंब उपलब्ध कराऐंगे।

  अनुपालन– संबंधित कार्यपालक अभियंता

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि विभिन्न योजनाओं में कार्यरत एजेंसियों द्वारा स्थापित पैनल, स्टैंड, स्टेबलाइजर एवं अन्य संबंधित उपकरण की गुणवता निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। निदेश दिया गया कि ऐसे सभी पैनलों का स्थल निरीक्षण करके निर्धारित मानक के

अनुरूप पैनल बदलना/सुधार कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित अवधि में सुधार नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित एजेंसियों/संवेदकों को डिबार करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अनुपालन–संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता

धन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

05.10.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांक– 14/वि0क–104/25–826 /पटना,दिनांक 07/10/26

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पटना प्रक्षेत्र, पटना/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, सासाराम एवं आरा/कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, आरा, बक्सर, सासाराम एवं भभुआ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/10

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)

ज्ञापांक– 14/वि0क–104/25–826 /पटना,दिनांक 07/10/26

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय/कार्य प्रबंधन)/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण/दक्षिण बिहार/यांत्रिक)/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्यालय अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण)/अधीक्षण अभियंता (जल गुणवत्ता अनुश्रवण) उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/विशेष कार्य पदा॰/आई॰टी॰मैनेजर/सभी संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/10

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)

ज्ञापांक– 14/वि0क–104/25–826 /पटना,दिनांक 07/10/26

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

6/10

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)